तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024



14 त्योहारों के अवसर पर भीड़ के दौरान व्यवस्था बनाने मुस्तैद रहें ...





13 मंदिरों में पहुंचे दर्शनार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति ...






## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप



### संजारी अष्टमी हवन कल

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संजारी स्थित मां शीतला धाम मंदिर में नवरात्रि पर ज्योति कुल 225 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। यहां हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम 11 अक्टूबर को रखा गया है।

### भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय में स्थित गुणवत्ता नियंत्रण कक्ष में पहुँचकर चावल की गुणवत्ता जाँच के कार्य का भी अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने खाद्य गोदाम में उपस्थित जिला खाद्य अधिकारी एवं डिपो प्रभारी एवं गुणवत्ता नियंत्रक से इस गोदाम में खाद्यान भराव की क्षमता, लोडिंग–अनलोडिंग की प्रक्रिया तथा प्रत्येक स्टैक के लिए लगने वाली गाड़ियों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को गोदाम में अधिक से अधिक मिलरों का चावल जमा कराने के कार्य में प्रगति लाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# राज्यस्तरीय शालेय बॉक्सिंग की चैंपियन बनीं प्रेरणा, साथियों को कर रहीं प्रेरित

## शासकीय विद्यालय भरर की छात्रा ने रायपुर की खिलाड़ी को हराकर जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर की छात्रा प्रेरणा बंजारे ने राज्यस्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा शहर या गांव की होने से नहीं, बल्कि लगन और परिश्रम से होती है। राज्य चैंपियन बनी प्रेरणा इन दिनों स्वयं ही ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

दुर्ग जिले से 17 बालिकाओं में से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर की प्रेरणा बंजारे ने प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में लगन के साथ मेहनत करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर राज्य चैंपियन का खिताब जीत लिया है। विद्यालय की व्यायाम शिक्षक व बाक्सिंग कोच तोषिन साहू ने बताया कि 24 वें राज्य स्तरीय बॉक्सिंग बालिका प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा में वो सारी खूबियां दिख रही थीं, जो एक होनहार खिलाड़ी में होनी चाहिए।

उसके बाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रेरणा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर गुरुजनों के आंकलन को प्रमाणित कर दिखाया, जो विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए गर्व की बात है, हर्ष की बात है। प्राचार्य पी शांडिल्य ने कहा कि पीटीआई तोशीन साहू की मेहनत से अपनी प्रतिभा को निखारकर प्रेरणा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर हमारे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। पीटीआई और प्रेरणा दोनों बधाई के पात्र हैं।

### सेमीफाइनल में टक्कर फाइनल 2 मिनट में जीतीं

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय बॉक्सिंग (बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 9 अक्टूबर तक रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व कर रही प्रेरणा बंजारे का सेमी फाइनल में मुकाबला बिलासपुर की धाकड़ मुक्केबाज से हुआ। बहुत टफ फाइट में प्रेरणा ने शानदार मुक्केबाजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में प्रतिद्वंद्वी को मात देकर प्रतियोगिता के फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली। फाइनल मैच में प्रेरणा ने रायपुर के प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को ज्यादा मौका नहीं दिया और 2 मिनट के अन्दर ही जीत हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अपना नाम दर्ज करवा लिया।





### अधिकारियों ने दी बधाई

दुर्ग संभाग दल प्रबंधक संयुक्त संचालक क्रीड़ा कल्पना स्वामी ने प्रेरणा के खेल की सराहना करते हुए राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मेडल जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर प्रेरणा को जिला शिक्षा अधिकारी, डीएसओ तनवीर अकील विकासखंड शिक्षा अधिकारी महिलांगे विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी शकिला देवदास, प्राचार्य पी.शांडिल्य, प्रशिक्षक व्यायाम शिक्षक तोषिन साहू सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## नवरात्रि के दौरान रूट परिवर्तन करने के बाद भी बरती जा रही लापरवाही


# भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करा रही यातायात पुलिस, बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नवरात्रि पर्व में गंगा मैया मंदिर मार्ग पर शाम होते ही भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है, जबकि नवरात्रि पर्व आरंभ होने के पहले ही जिला प्रशासन ने रुट परिवर्तित कर दिया था, उसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा वाहनों को परिवर्तित मार्ग से न भेजकर रात तक भारी वाहन को रोक कर सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

नवरात्रि पर्व पर जिले के तमाम देवी मंदिरों में सुबह से दोपहर और देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ रहती है। प्रदेश भर से श्रद्धालु जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में नेशनल हाईवे 930 किनारे स्थित माँ गंगा मैय्या मंदिर में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण ऐसे वाहनों से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका





### देर शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक ज्यादा भीड़

सड़क किनारे इन वाहनों के खड़े होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। खासकर देर शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक मंदिर में दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों की भीड़ अधिक होती है। दूर दूर से लोग मोटरसाइकिल व अपने निजी वाहन से यहां पहुंचते हैं। ऐसे में रात के समय सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यातायात पुलिस को इन वाहनों को यहां खड़े कराने के बजाए जो रूट बनाए गए हैं, शहर से बाहर बाईपास होते हुए उनके गंतव्य तक भेज देना चाहिए।

### दोनों ओर वाहन खड़े होने से यातायात हो रहा बाधित

यहां नवरात्रि के पहले दिन से रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। यही स्थिति वनांचल क्षेत्र में स्थित सियादेवी मंदिर में भी है, जहां मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। गंगा मैय्या मंदिर नेशनल हाईवे 930 के किनारे में स्थित होने के कारण मंदिर के दोनों ओर यातायात बाधित हो रहा है। मंदिर के सामने से छोटे दोपहिया वाहन व कार तो दिन भर आवाजाही कर रहे हैं, रात्रि में ही कारों को प्रवेश से रोका जा रहा है। लेकिन इसके अलावा अन्य भारी मालवाहक वाहन भी यहां से दिन भर गुजर रहे हैं। हालांकि भारी मालवाहकों जैसे ट्रक, हाइवा, मेटाडोर को यातायात पुलिस रोक रहे हैं और सड़क किनारे उसे खड़ा करा रहे हैं।

## सरदार पटेल मैदान में जलाया जाएगा रावण का 30 फीट ऊंचा पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के सरदार पटेल मैदान में आगामी दो दिनों बाद 13 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। राज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें पालिका के तमाम अधिकारी कर्मचारी, बिजली विभाग के अधिकारी कोतवाली थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि सरदार पटेल मैदान में लंकापति रावण का 30 फीट ऊंचा पुतला जलाया जाएगा। वहीं, जय बजरंग व्यायाम दल द्वारा करतब दिखाया जाएगा।



### ग्राम साल्हे में लोक कला मंच का कार्यक्रम 12 को

**बालोद।** दुर्गा उत्सव समिति ग्राम साल्हे द्वारा क्वांर नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 अक्टूबर को महाअष्टमी मनाई जाएगी तथा 12 अक्टूबर को विसर्जन कर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि 9 अक्टूबर को हरी कीर्तन कुढ़ेदादर गरियाबंद के कामता प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया था तथा 12 अक्टूबर को मोर चिरईया लोक कला मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षितिज चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता ग्राम पटेल कत्थु राम कुंजाम करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में निर्णय लेने का दिया आश्वासन**

## गन्ना उत्पादक किसानों ने सीएम साय से की भेंट, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला किसान उत्पादक किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की और गन्ना किसानों की समस्याओं की जानकारी देकर उनके निराकरण की मांग की।

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ के संरक्षक छगन देशमुख ने बताया कि यदि गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य 292 रूपये प्रति क्विंटल के अलावा 200 रूपये प्रति क्विंटल बोनस नहीं दिया गया, तो गन्ने की खेती घाटे की खेती होगी। यदि जिले में गन्ना का रकबा घटेगा तो शक्कर कारखाना के अस्तित्व पर ही संकट पैदा हो जायेगा। छगन देशमुख ने बताया कि देश के किसी भी राज्य में 450 रूपये क्विंटल से कम गन्ना नही खरीदा जाता। समर्थन मूल्य के अलावा सभी प्रदेश गन्ना किसानों को बोनस प्रदान करती है, लेकिन यह भी सत्य है कि देश के किसी भी राज्य में 3100 रूपये धान नहीं खरीदा जाता। हम गन्ना किसानों की मांग है कि जिस अनुपात में धान का रेट बढ़ाया गया है, उसी अनुपात में गन्ना का रेट बढ़ाया जाना चाहिए।

200 रूपये प्रति क्विंटल बोनस यदि गन्ना किसानों को प्रदान किया जाता है तो प्रदेशभर के गन्ना किसानों को लगभग 200 करोड़ से ज्यादा शासन को नहीं लगेगा। गन्ना किसानों ने बताया कि गन्ना बकाया बोनस की राशि 63 रूपये प्रति क्विंटल जो जुलाई अगस्त तक आ जाती थी, वह भी आज तक नहीं मिली है। इससे हमारे सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है तथा आगे दीपावली का त्यौहार भी है। इसलिए बोनस की राशि जल्द प्रदान करने का आग्रह किया।

गन्ना किसानों की समस्या सुनकर मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लेने की बात कही।

प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक छगन देशमुख, अध्यक्ष तेजराम साहू, संयज चन्द्राकर, सांवतराम साहू, कवर्धा के किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्रवंशी, डोमन चन्द्रवंशी, दिनेश चन्द्रवंशी तथा अन्य किसान उपस्थित थे।

**बुजुर्ग की मृत्यु के बाद परिजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए कराया नेत्रदान**

# चंदूलाल के नेत्रदान से दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में आएगा उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्राम फुण्ड विकासखण्ड गुण्डरदेही निवासी चन्दूलाल साहू पिता स्व घुनारी राम साहू उम्र 77 वर्ष की इच्छा का सम्मान करते हुए उनके परिवार की सहमति से मरणोपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी के निर्देशानुसार व जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया गया।

7 अक्टूबर की शाम 6:30 बजे मृत्यु उपरांत परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग गुण्डरदेही को सूचना दी। सूचना मिलते ही नेत्र विभाग की टीम सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुण्डरदेही डॉ मारकण्डे, चिकित्सा अधिकारी निधि वर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी संतोष साहू, वाहन चालक मुकेश कुमार एवं हिरेश कुमार के सहयोग से ग्राम फुण्डा में रात्रि 10 बजे पहुंचकर समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए नेत्र एकत्र की प्रक्रिया पूर्ण की गई। दोनों नेत्रों को नेत्र बैंक अखिल भारतीय अनुसंधान केन्द्र रायपुर पहुंचाया गया। नेत्रदाता स्व. चन्दूलाल साहू के बड़े पुत्र मनोज कुमार साहू की सहमति से कार्य संपन्न किया गया। उनके नेत्रदान करने से 2 दृष्टिहीन कार्निया बाधित को आंख की ज्योति मिल पाएगी।

नेत्रदान के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पूरे परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। परिवार के सदस्य बड़े पुत्र मनोज कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, जनक साहू पत्नी उदासा बाई साहू, भतीजा चमरू राम साहू का नेत्रदान प्रक्रिया में सराहनीय योगदान रहा। ग्राम फुण्डा से इस वर्ष मरणोउपरांत 2 व्यक्तियों द्वारा नेत्रदान किया जा चुका है।

## मौसम में आए बदलाव के कारण किसानों ने रोकी कटाई

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी, हरुना धान की कटाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में मौसम आए दिन करवट बदलता नजर आ रहा है। इसके कारण किसान व आम नागरिक परेशान हैं, क्योंकि दिन में तेज धूप के कारण तापमान बहुत ज्यादा रहता है, जिसके कारण उमस भरी गर्मी का अहसास होता है और रात में बारिश हो जाती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इससे एक ओर जहां आम जन स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों हरुना किस्म के धान खेतों में लहलहाने लगे हैं। इन दिनों कई किसान फसल कटाई व मिजाई में जुट चुके हैं। लेकिन, मौसम के बदलते मिजाज से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। हालांकि वर्तमान में बारिश से धान बर्बाद होने की जानकारी सामने नहीं आयी है, लेकिन बारिश के कारण धान की कटाई प्रभावित हो रही है। बीते दो दिनों से रात में बिजली चमकने के साथ ही बारिश भी हुई। इसके कारण कहीं पानी भर गया है, तो कहीं नमी ज्यादा हो गई है। इसलिए किसान फसल कटाई नहीं कर पा रहे हैं।



### बारिश के कारण बंद करनी पड़ी कटाई

किसान पंचराम सिंग्रामे ने बताया कि खेतों में हरुना किस्म का धान लगा है, जिसकी कटाई कर रहे थे। इस बीच बारिश होने से कारण कटाई बंद करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि हालांकि बारिश कम होने के कारण फसल बर्बाद नहीं हुई है, लेकिन कटाई करने से नुकसान की आशंका है। किसान हेमलाल साहू ने बताया कि वर्तमान में बारिश का होना किसानों के लिए नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि धान के फसल खेतों में लहलहा रहे हैं, जो ज्यादा बारिश के कारण बर्बाद हो सकती है।

## बोरगहन में लोकार्पण कार्यक्रम आज



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी बोरगहन (फुण्डा) के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर जय मां भरारीपाट मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर का नव निर्माण किया गया है, जिनका लोकार्पण कार्यक्रम 10 अक्टूबर को 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर करेंगे। सरपंच संतराम चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर प्रांगण पर महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### माता का जगराता में शिकसा के प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने अश्विन नवरात्रि के अवसर पर शिकसा माता का जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ.शिवनारायण देवांगन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम सारथी ने की। कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान थे। कार्यक्रम में हरनारायण साहू, दिलीप श्रीवास, शिवकुमार अंगारे, मोहित कुमार शर्मा, चन्द्रकला शर्मा, ओजस्वी साहू, विंध्यवासिनी पांडे, अनिता श्रीवास, अश्वनी कुमार उइके, सुनीता चौधरी, कामती ठाकुर, प्रियंका सिन्हा, शशिकला पाण्डेय, नीता त्रिपाठी, डॉ.प्रमोद कुमार आदित्य सहित अनेक प्रतिभागियों ने गीत व कविता की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन हरमन कुमार बघेल व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन ने किया।

### कोड़िया में चला नशा मुक्त भारत अभियान



**अंडा।** नशा मुक्त भारत अभियान व मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थ तथा नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया में मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत रैली, मानव श्रृंखला, नशा पान नहीं करने का संकल्प, व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नशा मुक्ति स्लोगन, इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण तथा सोशल मीडिया माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। शाला के प्राचार्य नीलमणि उजवने ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।इस अवसर पर भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉ रूपमती साहू, दानेश्वरी सिन्हा, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू सहित शाला के समस्त व्याख्याता उपस्थित थे।

### स्वयंसेवी शिक्षक को दी गई ससम्मान विदाई



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बटेरा द्वारा संयुक्त रूप से गत दो वर्षों से शाला के बच्चों को निःशुल्क अध्यापन करवा रहे होमेंद्र ध्रुवे को डीएलएड में चयनित होने पर ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य एल.रात्रे, टी. देशमुख, एनके साहू, केके साहू, टी. लोन्हारे सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। शाला परिवार ने होमेंद्र ध्रुवे के निःस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।







**जिला मुख्यालय में गरबा की धूम**

**बालोद।** जिला मुख्यालय में गरबा नृत्य को लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। शहर के नयापारा महामाया मंदिर, संजारी क्लब गॉर्डन, कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण, महेश्वरी भवन, पाटीदार भवन गंजपारा सहित अन्य जगहों में भी नवरात्रि पर्व के शुरुआती दिन से प्रतिदिन रात में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इनमें छोटे बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग वर्ग भी शामिल होते हैं। रात करीब 9 बजे से लेकर 12 बजे तक लोग आकर्षक वेशभूषा में गरबा का आंनद ले रहे हैं।

**अभियान : बालोद पुलिस चला रही साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा**

# मंदिरों में पहुंचे दर्शनार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के चौथे दिन गंगा मैय्या मंदिर झलमला में बालोद पुलिस द्वारा दर्शनार्थी श्रद्धालु एवं मेला में पहुंचे नागरिकों को साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत साइबर अपराध के प्रति लोगों को पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार कर जागरूक किया गया।

साइबर अपराध की रोकथाम के लिये जिला के शहरी, ग्रामों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलो, बस स्टेण्ड, चौक चौराहों, वर्कशॉप, निजी संस्थाओं में जाकर नागरिकों को सजग रहने व सुरक्षा के सभी सुझाव देकर लोगो को पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार कर जागरूक किया गया। इस दौरान ऑनलाईन साईबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर काइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फालो करने संबंध में जानकारी दी गई। अभियान के चौथे दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद के थाना बालोद गंगा मैय्या मंदिर झलमला, रेल्वे स्टेशन, थाना गुरूर कंकालिन मंदिर, थान पुरूर ग्राम सभा कुम्हानखान, मनेरी पारा, कंकालीन, थाना सनौद बोहार चौक, थाना गुण्डरदेही बाजार चौक सिकोसा, थान रनचिरई ग्राम भाटागांव, किलेपार, तवेरा, थाना अर्जुन्दा कुरदी, थाना सुरेगांव ग्राम बोरी बाजार, डेंगरापार बाजार, कसीही चौक, थाना देवरी ग्राम फरदफोड़ बाजार चौक, थाना डौण्डी लोहारा किल्लेकोड़ा, झरनटोला, थाना मंगचुवा ग्राम अर्जुनी, भंवरमरा, पुनारकसा, थाना डौण्डी कुआगोंदी, जुराटोला रंग मंच, थाना राजहरा–साई शिशु मंदिर, चौकी कंवर ग्राम खुदनी कलामंच दुर्गा पंडाल, चौकी संजारी ग्राम बेंदरचुआ, चौकी पिनकापार–ग्राम दुर्गा में कुल–1557 नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति सजग रहने व सुरक्षा के सभी सुझाव देकर लोगों को पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार कर जागरूक किया गया साथ ही नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फालो करने संबंध में दी गई जानकारी।

### दी गई ये जानकारी

साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आम नागरिकों तथा छात्र, छात्राओं को आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फाड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नहीं करने की अपील की गई।

## एकलव्य महाविद्यालय में साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में पुलिस प्रशासन, साइबर सेल बालोद व थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा के संयुक्त तत्वावधान में 9 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी वीणा यादव ने साइबर अपराध के विभिन्न माध्यमों फोन पे/गूगल पे/पेटीएम कैश बैंक ऑफर, व्हॉटसअप वीडियो कॉलिंग, ऑनलाईन एप्स के माध्यम से लोन, क्रेडिट कार्ड फ्राड, सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट ऑनलाईन लाभान्वित फर्जी एकाउंट के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह साइबर सेल प्रधान आरक्षक विवेक शाही, आरक्षक योगेश गेडाम, मनीष ठाकुर द्वारा वर्तमान समय में साइबर अपराध की जानकारी पीपीटी के माध्यम से एवं इनसे बचने के उपाय के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रेडक्रास सदस्य कमला ने दिया स्वच्छता का संदेश



**बालोद।** रेडक्रास सदस्य द्वारा सेवा कार्य देवारभाट में आयोजित किया गया। आजीवन सदस्य कमला वर्मा ने ग्राम देवारभाट के सुरूज डिवहारिन मंदिर में सेवा कार्य किया। साथ ही मंदिर के आस पास की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। बता दें कि कमला वर्मा ने कोरोना काल के समय पूरे समय जागरूकता अभियान चलाया था, जिससे उन्हें कोरोना वारियर्स के रूप में तत्कालीन राज्यपाल अनसूइया उइके ने सम्मानित किया था।

# अपने जीवन को हमेशा अच्छे कार्यों में लगाएं

**महादेव भवन गंजपारा बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा जारी, कथावाचिका रुचिता ने कहा-**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री दुर्गा मंदिर समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन गंजपारा बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के तीसरे दिन कथा का समय बढ़ा दिया गया है। अब कथा दोपहर 2 बजे के स्थान पर 1 घंटा पहले 1 बजे प्रारंभ होगी। ऐसा कथा के लिए समय कम पड़ने पर भक्तों की मांग पर किया गया है।

श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रसंग के तीसरे दिन कथा वाचक रुचिता तिवारी ने कहा कि दुख आने पर हमारा साहस कम नहीं होना चाहिए, दुख मां का प्रसाद है। भोजन की याद भूख लगने पर आती है। लोग भगवती की याद दुख में करते हैं, सुख की प्रधानता नहीं दुख की प्रधानता है। जितना हो सके भजन करना चाहिए, संसार दुखों का घर है। भगवती के चरणों में सुख मिलता है। भगवती से मुख नहीं मोड़ें, वास्तविक भक्त बनें, चतुराई भगवती मां कभी पसंद नहीं करती। जीवन में कभी दुख मिले या सुख, प्रसाद समझ करके ग्रहण कर लें। दीपक की कीमत है क्योंकि अपने आप में जलती है, दूसरों से नहीं जलती। घड़ी की कीमत नहीं समय की कीमत है, वह ज्ञान क्या काम का जो अटारी में रखा हो, ज्ञान को बांटें।



कथा के दौरान रुचिता तिवारी प्रत्येक प्रसंग को वर्तमान जीवन से जोड़कर सरल तरीके से समझाती हैं। पांडव की उत्पत्ति की कथा में उन्होंने बताया कि पांडू महाराज को श्राप की जानकारी थी, लेकिन एक समय ऐसा आया जब उन्होंने अपना धैर्य खोया जो उनकी मृत्यु का कारण बना। इसे वर्तमान जीवन से जोड़ते हुए कथावाचक ने कहा कि हमें हर परिस्थिति में धैर्य रखना चाहिए। हम सुख के समय खुशियां मनाने इतने मगन हो जाते हैं कि हम उस भगवान को भी भूल जाते हैं जिन्होंने हमें यह पल दिया। महाराज पांडु की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी महारानी माद्री की सती होने की कथा भी उन्होंने बताई। परीक्षित मृत्यु की कथा में उन्होंने बताया कि किस प्रकार अंत समय में हमें अपने जीवन को सद्मार्ग में लगाना चाहिए। विधि के विधान में जो लिखा है वह होकर ही रहेगा, इसलिए हम अपने जीवन को हमेशा अच्छे कार्यों में लगाएं।

### भजनों में झूम उठे श्रोता

कथा के दौरान कथा के दौरान सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। इन भजनों में श्रोता झूम उठते हैं। शनिवार को कथा के दौरान हनुमान जी के भजन में एक बालक हनुमान धर प्रगट हुआ। तीसरे दिन काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। श्रद्धालुओं की मांग पर कथा के समय को भी आयोजकों द्वारा बढ़ाया गया है। अब कथा दो बजे की बजाय 1 बजे से 5 बजे तक होगी।

# अंचल में डांडिया-गरबा की धूम



**डोंडी।** नवरात्रि पर जहां अंचल में लोग माता की भक्ति में डूबे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर गरबे और डांडिया डांस की धूम मची हुई है। डोंडी गरबा ग्रुप की महिलाओं सिम्मी सोरी, अनुराधा सोनी, किरण राजपूत,मुस्कान सोनी, बेबो सोनी,खुशबु डोंगरे,सारा सिँह,दिव्या, तोशी शिवहरे ने कहा कि डांडिया नाइट का भव्य आयोजन समाज में लोगों के बीच भाईचारे का संदेश देता है। जब नगर में इतने लोग एक साथ मिलकर गरबा खेलते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है मानों एक परिवार एक साथ एक मंच पर थिरक रहा हो। ब्लाक के कई हिस्सों के देवी पंडालों में जमकर डांडिया खेला जा रहा है, जिसमें महिलाएं और युवतियां बड़े ही उत्साह से हिस्सा लेकर अपनी भक्ति, शक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कला का परिचय दे रही हैं। महिलाओं ने इसकी लंबे समय से तैयारी की है।

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

KS GROUP PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## राजस्व संबंधी कार्यों की जानकारी देने के लिए लगाई गई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज:बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के राजस्व अधिकारियों को राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रदान करने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान राज्य स्तरीय प्रशिक्षक दीपचंद भारती के द्वारा राजस्व अधिकारियों को स्वामित्व योजना, जियो रीफ्रेशिंग, राजस्व सर्वेक्षण, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, सीमांकन आदि विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिला प्रमाण पत्र

**गुरूर।** ग्राम पंचायत दर्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दुपचेरा, दर्रा, ठेकवाडीह, अकलवारा, खुंदनी, पारसुली, सरबदा के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान सभापति जनपद पंचायत गुरुर एस कुमार कलिहारी एवं दर्रा सरपंच लच्छू राम देशलहरे, खर्रा सरपंच राधिका साहू एवं दुपचेरा सरपंच गेंद लाल सोनबोईर, सरबदा, अकलवारा, परसुली, ठेकवाडीह, खुंदनी सरपंच सहित सभी हितग्राही उपस्थित थे।

## मां गंगा मईया मंदिर में दी जा रही महाप्रसादी



**बालोद।** नवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में से एक ग्राम झलमला स्थित मां गंगा मईया में आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही पैदल यात्रियों को महाप्रसादी प्रदान की जा रही है। इसमें पुरूषोत्तम सिंह राजपूत, पुष्कर सिंह राजपूत, प्रमोद साहू, आनंद साहू, नरोत्तम साहू, केकती साहू, हर्षिता, नंदकिशोर का योगदान है।

## विधायक संगीता लोकार्पण कार्यक्रम में हुईं शामिल



**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ग्राम बागदई में आयोजित हल्बा ठाकुर समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों तथा ग्रामीणों से मुलाकात की और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने किसानों को फसलों में कीटनाशक दवाइयों का उपयोग बहुत सोच समझकर करने की सलाह दी। इस अवसर पर तामेश्वर साहू, दुर्गु राम, टोमन साहू, चोवा राम, कुलदीप, मोनू ठाकुर, सरपंच यशवंतपुरी गोस्वामी, पारखराम साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दरगहन स्थित शीतला मंदिर में 10 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**गुरुर।** ग्राम दरगहन में क्वांर नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। ग्रामीण अध्यक्ष देवचंद साहू, मोहन साहू, कबिलास ठाकुर पुनाराम साहू ने बताया कि गांव के माता शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर 10 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

## बालोद अंचल में नवरात्रि की धूम










## अंडा अंचल में विराजीं मां दुर्गा



### बैठक : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# त्योहारों के अवसर पर भीड़ के दौरान व्यवस्था बनाने मुस्तैद रहें अधिकारी-कर्मचारी : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नवरात्रि एवं दीपावली त्यौहार सीजन के दौरान आम जनता की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में श्री चंद्रवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थानों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके कारण आवागमन तथा भीड़ आदि को नियंत्रित करने की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए इस दौरान व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शासकीय अमला पूरे समय पूरी तरह मुस्तैद रहे।

बैठक में चन्द्रवाल ने बताया कि आगामी दशहरा एवं दीपावली पर्व के दौरान जिले के सभी बाजारों तथा भीड़–भाड़ वाले इलाकों एवं सड़क मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग, पेयजल, सार्वजनिक प्रसाधनों की व्यवस्था और भीड़ एवं ग्राहकी के समय बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टीम भी गठित की गई है। इसके अंतर्गत संबंधित तहसीलदारों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा संबंधित यातायात एवं थाना प्रभारियों को टीम का सदस्य बनाया गया है। चन्द्रवाल ने कहा कि इस दौरान भीड़–भाड़ एवं ग्राहकी वाले स्थानों पर बड़े वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों में आम जनता के लिए प्रसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जारी किए गए दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने सभी विभाग प्रमुखों से अपने–अपने विभागों में लंबे समय से अनुपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों के संबंध में तत्काल जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई कर इसकी जानकारी शासन को प्रेषित करने को कहा।



### जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से इस योजना के अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन लगाने के कार्य के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले के अंतिम छोर में स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को ग्राम हुच्चेटोला का भ्रमण करने तथा ग्रामीणों के आय दुगुना करने के उपाय सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर को इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में चन्द्रवाल ने राज्य स्थापना दिवस पर 5 नवंबर को जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी के संबंध में निर्देशित किया।

# कलेक्टर चन्द्रवाल ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने भी लोगों से मुलाकत कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना।

■ संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

जनदर्शन में डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अड़जाल निवासी सुमित्र बाई एवं समुदा बाई सहित अन्य महिलाओं ने वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने की मांग की। इसी तरह बोहारडीह के धनेश्वरी, वार्ड नंबर 19 बालोद के महेश्वर साहू, ग्राम पड़की भाट के ज्योति देशलहरा, ग्राम हल्दी के उर्मिला बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने की मांग की।



इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मोखा निवासी इंद्रजीत सेन ने खाता नंबर में त्रुटि सुधार करने की मांग की। इसके अलावा जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों से मुलाकात कर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

# सतनामी समाज की मुख्य धारा में शामिल हुआ शोभित राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शोभित राम महिलकर सतनामी समाज की मुख्य धारा में शामिल हुआ। सिकोसा निवासी शोभित राम महिलकर पिता स्व अंजोर दास महिलकर ने ग्रामीण सतनामी समाज सिकोसा को आवेदन दिया था। शोभित के आवेदन पर ग्रामीण सतनामी समाज सिकोसा व तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के तीसरे चरण की बैठक में अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ सतनामी समाज की मुख्य धारा में शामिल होना स्वीकार किया।

विदित हो कि शोभित राम महिलकर अपने परिवार के साथ बीते कुछ वर्षों से सतनाम पंथ छोड़कर, किसी दूसरे धर्म को मानने लगे थे। ग्राम सिकोसा के संत समाज ने तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के अध्यक्ष नीलकंठ टंडन को आवेदन देकर सामाजिक बैठक रखने का आग्रह किया। बैठक में जिला सतनामी समाज बालोद अध्यक्ष संजय बारले, तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, अठगांवा अध्यक्ष शंकर लाल देशलहरा, सचिव रामेश्वर बंधे सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति में शोभित राम एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों ने बाबा गुरु घासीदास की मंगल आरती कर कंठी जनेव अमृत पान कर दोबारा समाज की मुख्य धारा में शामिल हुए। इसके साथ ही आगे सतनाम पंथ से नहीं भटकने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधिक सलाहकार विजय बारले, हेमलाल मारकंडे, रोहित टंडन, सुखीत लहरें, कृष्ण कुमार, भारती, कामत भारती, ग्राम भंडारी रामगुलाल राय, साटिदार कोल्हुराम बारले, इन्दर राय व ग्रामीण उपस्थित थे।

# माहुद में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत गुरुवार की शाम को गुण्डरदेही मंडल माहुद में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष दुष्यन्त सोनवानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों लोगों को पार्टी की ओर से जारी फोन नंबर पर मिस कॉल कर साथ ही नमो एप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा की सदस्यता अभियान को गति देने की अपील की। कार्यकर्ताओं से भाजपा सदस्यता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने व गांव के प्रत्येक परिवार से सदस्य बनाने की अपील की। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि लोगों में भाजपा के प्रति जो उत्साह दिख रहा है, वह हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

आज हर कोई भाजपा से जुड़ने के लिए उत्सुक है। यह सभी के साझा प्रयासों का ही फल है। इस दौरान ज़िला भाजपा महामंत्री राकेश यादव छोटू, ज़िला सह कोषाध्यकक्ष मोहन जैन, मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष संजय साहू, प्रदीप ठाकुर, पारख साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष संतोस शर्मा, नेतराम सिन्हा, दयाल दास जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आत्मानंद विद्यालय बेलहारी में संस्कृत बाल संस्कार वर्ग का हुआ आयोजन

# संस्कृत, संस्कृति और संस्कार भारतीय सभ्यता की गंगोत्री है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

आत्मानंद हिंदी इंग्लिश माध्यम स्कूल बेलहारी में एक दिवसीय संस्कृत बाल संस्कार वर्ग का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू थे। उद्घाटन सरपंच जीतेश्वरी महमल्ला समाजसेवी भारती सोनबेर ने किया। इस आयोजन में 16 स्थानों से पधारे 99 लोगों ने भाग लिया।

समापन समारोह मंच पर प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू अतिथि पीटीआई चंद्रकला साहू, एचएम खिलेश साहू, साशिम जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन मंचासिन रहे। संस्कृत में गीता पाठ लोक लघुकथा खेल आदि का संचालन भी हुआ। सोनम प्रजापति और तृप्ति साहू ने भगवान राम की 39 पीढ़ियों का धारा प्रवाह वाचन किया। संस्कृत भारती जनपद मंत्री राकेश तिवारी, राजिम विभाग संयोजक होमेवश्वर चंद्राकर प्रांत संयोजक अनुपा टंडन, दुर्ग जनपद सहसंयोजक हरित वर्मा रोहन राहुल हरीश रिवेश हेमकुमार कौशल कसरहनीय योगदान रहा। आयोजन का कुशल निर्देशन संस्कृत व्याख्याता नरेंद्र साहू ने किया। प्राचीन मूल भाषा संस्कृत को जन भाषा बनाने अपनी आहुति भी डाली गई। संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति और संस्कार भारतीय सभ्यता की गंगोत्री है, जो जीवन को सुकून शांति से आनंदित कर देती है। उन्होंने कहा कि जब मंदिरों में संस्कृत भाषा में मंत्रोच्चारण होता है तब मन पवित्रता से सराबोर होने लगता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मूल प्राचीन भाषा संस्कृत को जन भाषा बनाने का हर संभव प्रयास करना आप और हम सबकी जिम्मेदारी है।







### मातृभाषा हिंदी की जननी है संस्कृत

समापन समारोह मुख्य अतिथि पीटीआई चंद्रकला साहू ने कहा कि संस्कृत मातृ भाषा हिंदी की जननी है, जैसे आज बच्चों को दादी मां की गोद नसीब नहीं हो पा रही है ठीक वैसे ही संस्कृत के प्रति रुचि नजर नहीं आ रही है। जिसका दुष्परिणाम संस्कार का स्तर निरंतर गिरते जा रहा है। सब मिलकर संस्कृत को जन भाषा बनाने में अहम भूमिका निभाएं। सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन ने शिक्षा संस्कार संगति एकता और व्यक्तिगत पहचान बनाकर जीवन को सफल बनाने पर जोर दिया। पौहा स्कूल के प्रधानपाठक खिलेश साहू ने भी विचार रखे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्कृत व्याख्याता नरेंद्र साहू ने किया।

## कर्मियों को लाभांश व ब्याज का वितरण 10 से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 भिलाई नगर में लाभांश और ब्याज की राशि का वितरण 10 अक्टूबर से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने बताया कि सदस्यों के खाते में अंतरित जमा वर्ष 2022-2023 का लाभांश एवं वर्ष 2023-2024 के ब्याज की राशि का वितरण 10 अक्टूबर से माह फरवरी 2025 तक मुख्य शाखा सहित समस्त शाखाओं में कार्यालयीन समय पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाभांश एवं ब्याज लेने के इच्छुक सदस्य संबंधित शाखाओं से कार्यालयीन समय में अपनी राशि प्राप्त कर सकते है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 तक हो रहा कार्यक्रम

# संजारी क्लब बालोद में रास गरबा व डांडिया की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कला केंद्र बालोद द्वारा संजारी क्लब बालोद में 3 अक्टूबर नवरात्रि के प्रथम दिवस से 7 अक्टूबर पंचमी तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 तक मातृशक्ति द्वारा रास गरबा एवं डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन रात्रि 7:45 से मां भगवती की महा आरती के साथ मातृशक्ति द्वारा धार्मिक भजन से राज गरबा डांडिया प्रस्तुत होता है। रास गरबा के अंतिम प्रस्तुति के बाद रात्रि 10 बजे के प्रतिदिन नगर के प्रतिष्ठानों द्वारा प्रतिभागी दस मातृशक्ति को मंच के माध्यम से अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाता है एवं विशेष पुरस्कार के रूप में प्रतिदिन एक बेस्ट प्रतिभागी को एक चांदी का सिक्का प्रदान किया जाता है, प्रतिदिन रास गरबा मातृशक्ति प्रतिभागियों के लिए जलपान व्यवस्था की जाती है। इस कार्यक्रम में शहर के व्यापारियों व अन्य जनमानस द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ है, रात्रि 10 के बाद आभार एवं प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाता है। इस कार्यक्रम के सफल बनाने मे कला केंद्र के स्टॉफ, जीतू सोनी, छोटेलाल चंद्राकर, तरुण बरतिया, जयकरण परिहार, देवेंद्र साहू एवं प्रशिक्षक के रूप में डॉ शैलेंद्र स्वर्णकार विशेष का योगदान रहता है, उक्त कार्यक्रम की जानकारी कला केंद्र के संचालक राजेश सोनी ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411